# 4 सारी दुनिया मेरी है

| | |
|---|---|
| कालांश संख्या | 4 |
| शिक्षण प्रक्रिया | Teacher Led |
| कविता का उद्‌देश्य | प्रेम, आत्मीयता, मेल-जोल, प्रसन्नता जैसे मूल्यों का विकास करवाना, रिश्ते-नातों की जानकारी देना, कविता का उपयुक्त उतार-चढ़ाव के साथ वाचन करवाना, वर्ण-विच्छेद, वाक्य-निर्माण का अभ्यास करवाना, पत्र-लेखन व कविता-लेखन करवाना। श्रवण-वाचन-पठन-लेखन कौशल का विकास करवाना। |
| कविता में आनेवाले विषय | कविता व पत्र-लेखन, मानचित्र अवलोकन, फ़ोटोफ्रेम रचना, वर्ण-विच्छेद, समानार्थी शब्द व वाक्य रचना। |
| शिक्षण सामग्री | Smart Board, पाठ्‌यपुस्तक, Animation, i-book, Websupport (Worksheets), कॉपियाँ, पेंसिल आदि। |
| मानक/अमानक शब्द | चिट्‌ठी/चिट्ठी, छुट्‌टी/छुट्टी/ |
| आरंभ—<br>चर्चा एवं समूह वाचन, कौशल-पठन, वाचन | • बच्चों से दिशाओं के बारे में पूछें व बताएँ फिर उन्हें खड़ा करके पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण बताने को कहें। • बच्चों से पूछें कि उनके घर में कौन-कौन रहते हैं। उनके दादा-दादी व नाना-नानी के परिवार में कौन-कौन रहते हैं।<br>• कविता का लय तथा हाव-भाव के साथ सस्वर वाचन करवाएँ।<br>• कविता के श्रवण-वाचन के लिए Animation और i-book की सहायता लें।<br>• कठिन शब्दों के अर्थ पूछें और बताएँ। • कविता को सरल अर्थों में समझाएँ। |
| मध्य<br>कौशल— लेखन, वाचन | • 'माइंड मैप' द्‌वारा पाठ की पुनरावृत्ति करवाएँ। • अभ्यास खंड में 'पढ़िए' शीर्षक के अंतर्गत पाठ में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करवाएँ।<br>• 'बताइए' और 'सोचिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्नों पर चर्चा करें और जानें।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न 1, 2, 3 और 5 तथा 'व्याकरण संबोध' के अंतर्गत आए प्रश्नों का हल पुस्तक में ही करवाएँ।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न संख्या 4 का हल और 'विषय संवंर्धन गतिविधियाँ' के अंतर्गत आई गतिविधियों का हल कॉपियों में करवाएँ तथा बच्चों को दो समूह में बाँटकर 'क्या होता यदि' के अंतर्गत दिए गए बिंदु पर सामूहिक चर्चा करवाकर उनके विचार प्रस्तुत करवाएँ। |
| अंत<br>कौशल— लेखन, वाचन | Websupport से Worksheet लें और बच्चों से हल करवाएँ। एक-दूसरे बच्चे से सबकी Worksheet की जाँच करवाएँ अथवा उन्हें स्वमूल्यांकन करने दें फिर आप जाँचें। |
| शिक्षण संप्राप्तियाँ | बच्चे आत्मीय बनेंगे, रिश्ते-नातों के बारे में बताएँगे, उपयुक्त उतार-चढ़ाव के साथ वाचन करेंगे, वाक्य-निर्माण करेंगे, पत्र व कविता-लेखन कर पाएँगे। |



Scanned with OKEN Scanner

## कविता का मूलभाव

इस कविता में कवि ने बताया है कि बच्चों में अपना-पराया जैसे भाव नहीं होते हैं उन्हें सारी दुनिया अपनी-सी लगती है। दादा, नाना, बुआ, दीदी के साथ-साथ चाँद-सूरज और कविता जैसी चीजें भी उन्हें अपनी लगती हैं। इस कविता में बच्चा समझ नहीं पाता कि वह अपनी छुट्टियाँ किसके घर गुजारे क्योंकि उसे तो सबसे प्यार है।

## सरलार्थ

**सुनो-सुनो एक बात ............................................ जान अकेली है।**

बच्चे के अनुसार वह एक अनोखी पहेली में फँसा हुआ है। उसके दादा जी पूरब और नाना जी पश्चिम दिशा में रहते हैं। इस बार की छुट्टियों में वे दोनों ही उसे पत्र लिखकर उसे अपने घर बुला रहे हैं। जबकि उसे समझ नहीं आ रहा है कि वह किसके घर जाए।

**दक्षिण में बुआ ............................................ मेरी संग-सहेली है।**

बच्चा कहता है कि उसकी बुआ दक्षिण और दीदी उत्तर दिशा में रहती है। वह उन सभी को समान रूप से चाहता है इसलिए इन सभी की सुंदर फ़ोटो उसके घर में लगी हुई है। वह चंदा मामा की सुंदर हवेली के बारे में भी बताता है। वह अलग-अलग दिशाओं में रहनेवाले अपने सभी रिश्तेदारों को प्यार करता है। इसलिए उसे लगता है कि उसका संसार सभी दिशाओं तक फैला हुआ है। वह बतलाता है कि उसके द्वारा लिखी कविता उसकी सहेली है।

### बोध

- बच्चे के घर में किनकी फ़ोटो लगी है?
  उ. बच्चे के घर में दादा जी, नाना जी, बुआ जी, जिज्जी आदि यानी सभी रिश्तेदारों की सुंदर-सुंदर फ़ोटो लगी हैं।
- कविता बच्चे की क्या है?
  उ. कविता बच्चे की सहेली है।

# अभ्यास

### बोलिए

1. **पढ़िए—** दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
2. **बताइए**

**क.** आप अपने आस-पास जब नज़र घुमाते हैं तो क्या-क्या देखते हैं?

**उ.** हम जब अपने आस-पास नज़र घुमाते हैं तो पेड़-पौधे, पशु-पक्षी विभिन्न कार्य करनेवाले हमारे सहयोगी, सड़क, मकान आदि देखते हैं।

**ख.** आपके परिवार में कौन-कौन हैं? **उ. संकेत—** छात्र अपने परिवार के बारे तें बताएँ।

**ग.** आपके नाना जी और दादा जी कहाँ रहते हैं और उनके क्या नाम हैं? **उ.** छात्र स्वयं बताएँ।

**घ.** किस दिशा में सूरज दिखाई नहीं देता है?

**उ.** उत्तर दिशा में सूरज दिखाई नहीं देता है।



Scanned with OKEN Scanner

3. **सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

✧ बच्चे ने सारी दुनिया को अपना माना है। आप अपनी दुनिया में किसे शामिल करेंगे और क्यों?

उ. छात्र स्वयं बताएँ।

**संकेत—** छात्रों से उनके संसार के बारे में बात करें। उनमें 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना जगाने का प्रयास करें।

**लिखिए**

1. **सही उत्तर पर सही ✓ का निशान लगाइए—**

क. बुआ जी कहाँ रहती है? ✓ दक्षिण

ख. पूरब में कौन रहते हैं? ✓ दादा जी

ग. किसकी हवेली बहुत बड़ी है? ✓ चंदा मामा की

2. **पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

क. दादा जी पूरब में रहते,
····पश्चिम में मेरे नाना जी।····
दोनों ही चिट्ठी में लिखते,
····छुट्टी में तुम घर आना जी।····

ख. ····जिज्जी, बुआ, दादा, नाना····
सबसे मुझको प्यार है।
····उत्तर-दक्षिण-पूरब-पश्चिम····
सब मेरा संसार है।

3. **कुछ शब्दों में उत्तर दीजिए—**

क. कविता के अनुसार नाना जी कहाँ रहते हैं?

उ. कविता के अनुसार नाना जी पश्चिम में रहते हैं।

ख. उत्तर में कौन रहती है?

उ. उत्तर में जिज्जी रहती है।

ग. छुट्टी में आने के लिए कौन कहते हैं?

उ. छुट्टी में आने के लिए दादा जी और नाना जी कहते हैं।

घ. बच्चे की संग-सहेली कौन है?

उ. प्यारी-प्यारी कविता बच्चे की संग-सहेली है।

4. **कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—**

क. बच्चे को किन-किन से प्यार है?

उ. बच्चे को जिज्जी, बुआ, दादा, नाना सबसे प्यार है।

ख. बच्चे का संसार कौन-सा है?

उ. उत्तर, दक्षिण, पूरब, पश्चिम सब बच्चे का संसार है।

ग. बच्चे को क्या अजब पहेली लगती है?

उ. बच्चे को अंबर यानी आसमान जो चंदा मामा की हवेली है, एक पहेली लगती है।

घ. बच्चे की अकेली जान को क्या परेशानी है?

उ. बच्चे की अकेली जान को यह परेशानी है कि वह छुट्टियों में दादा जी के घर जाए या नाना जी के घर

ङ 'सारी दुनिया मेरी है' का क्या अर्थ है?



Scanned with OKEN Scanner

3. 'सारी दुनिया मेरी है' का यह अर्थ है कि बच्चे को अपने आसपास यानी वह जो कुछ भी देखता है वो सब उसे अपना-सा लगता है।

5. **कविता के लिए नया शीर्षक लिखिए—**
सब मेरा संसार है।

## समझिए व्याकरण संबोध

1. **वर्णों को अलग करके लिखिए—**

पहेली — प् + अ + ह् + ए + ल् + ई
अजब — अ + ज् + अ + ब् + अ
पूरब — प् + ऊ + र् + अ + ब् + अ
छुट्टी — छ् + उ + ट् + ट् + ई

2. **गोले में लिखे शब्दों के पर्यायवाची शब्द पँखुड़ियों में लिखे हैं। इनमें से एक शब्द गलत है, उसपर गोला लगाइए—**




3. **वाक्य बनाइए—**

चिट्ठी — मेरे नाना जी की चिट्ठी आई है।
हवेली — मेरे दादा जी पुरानी हवेली में रहते हैं।
कविता — मैं कविता लिखता हूँ।
सहेली — रागिनी मेरी सहेली है।

## कीजिए विषय संवर्धन गतिविधियाँ (Subject Enrichment Activities)

1. छात्र मानचित्र देखकर राज्यों के नाम लिखें; जैसे—

पूर्व दिशा — उड़ीसा, बिहार
पश्चिम दिशा — महाराष्ट्र, गुजरात
उत्तर दिशा — उत्तर प्रदेश, राजस्थान
दक्षिण दिशा — आंध्र प्रदेश, केरल

2. छात्र स्वयं करें।

3. छात्र स्वयं करें।

4. चंदा मामा चंदा मामा
रोज़ क्यों नहीं आते हो,
कभी आधे कभी पूरे
कभी कहीं छिप जाते हो;
कभी तो अपनी चाँदनी
सारी रात छिटकाते हो
और कभी छुप के
अँधियारा फैलाते हो
ऐसी क्या बात है
जो हमें नहीं बतलाते हो।

**क्या होता यदि...**

✧ यदि ये सब एक साथ रहते तो बहुत मज़े आते। हम सब मिलकर घूमने जाते, खाते, टी.वी देखते और बहुत मज़े करते। कभी बुआ के संग तो कभी मौसी के संग खेलते। कभी दादा जी से कहानी सुनते तो कभी नाना जी से। कभी चाचा के संग घूमने जाते तो कभी मामा के संग।



Scanned with OKEN Scanner

# 3 हर झंडा कुछ कहता है

| | |
|---|---|
| कालांश संख्या | 4 से 6 |
| शिक्षण प्रक्रिया | Teacher Led |
| पाठ का उद्देश्य | देश-प्रेम, स्वाभिमान, देश का सम्मान जैसे मूल्यों का विकास करवाना, झंडों की जानकारी देना, पाठ का शुद्ध उच्चारण के साथ पठन करवाना, वचन, लिंग, सर्वनाम की जानकारी देना। कविता-अनुच्छेद लेखन करवाना, झंडा निर्माण। श्रवण-वाचन-पठन-लेखन कौशल का विकास करवाना। |
| पाठ में आनेवाले विषय | झंडे से संबंधित जानकारी देना, कविता व अनुच्छेद लेखन, वचन, सर्वनाम, लिंग |
| शिक्षण सामग्री | Smart Board, पाठ्यपुस्तक, Animation, i-book, Websupport (Worksheets), कॉपियाँ, पेंसिल आदि। |
| मानक/अमानक शब्द | विद्यालय/विद्यालय, झंडा/झण्डा/, महाद्वीप/महाद्वीप |
| आरंभ—<br>चर्चा एवं समूह वाचन, कौशल-पठन, वाचन | • बच्चों से अपने राष्ट्रीय ध्वज पर चर्चा करें। • विभिन्न झंडे दिखाएँ और उनपर चर्चा करें • पाठ का स्पष्ट व अनुकरणात्मक वाचन करवाएँ। पाठ के श्रवण-वाचन के लिए Animation और i-book की सहायता लें। बीच-बीच में झंडे से संबंधित प्रश्न भी पूछें। • कठिन शब्दों के अर्थ पूछें व बताएँ।<br>• सभी प्रकार के झंडों के बारे में विस्तार से बताएँ। |
| मध्य<br>कौशल— लेखन, वाचन | • 'माइंड मैप' द्वारा पाठ की पुनरावृत्ति करवाएँ। • अभ्यास खंड में 'पढ़िए' शीर्षक के अंतर्गत पाठ में आए कठिन शब्दों का उच्चारण करवाएँ।<br>• 'बताइए' और 'सोचिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्नों पर चर्चा करें और जानें।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न 1 और 3 तथा 'व्याकरण संबोध' के अंतर्गत आए प्रश्नों का हल पुस्तक में ही करवाएँ।<br>• 'लिखिए' शीर्षक के अंतर्गत आए प्रश्न संख्या 2 का हल और 'विषय संवर्धन गतिविधियाँ' के अंतर्गत आई गतिविधियों का हल कॉपियों में करवाएँ तथा बच्चों को दो समूह में बाँटकर 'क्या होता यदि' के अंतर्गत दिए गए बिंदु पर सामूहिक चर्चा करवाकर उनके विचार प्रस्तुत करवाएँ। |
| अंत<br>कौशल— लेखन, वाचन | Websupport से Worksheet लें और बच्चों से हल करवाएँ। एक-दूसरे बच्चे से सबकी Worksheet की जाँच करवाएँ अथवा उन्हें स्वमूल्यांकन करने दें फिर आप जाँचें। |
| शिक्षण संप्राप्तियाँ | बच्चे राष्ट्रीय झंडे का सम्मान करेंगे, झंडों की महत्ता बताएँगे, शुद्ध उच्चारण करेंगे, भाषा की बारीकियों की पहचान और प्रयोग करेंगे, दिए गए विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। |



Scanned with OKEN Scanner

## पाठ का सारांश

इस पाठ में बताया गया है कि प्रत्येक झंडे का अपना अर्थ और पहचान होती है। केशिवा के विद्यालय में जब 15 अगस्त पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया तब उसके मन में झंडे को लेकर कई सवाल उठ खड़े हुए। अपने सवालों के उत्तर पाने के लिए उसने कंप्यूटर का सहारा लिया। उसने जाना कि झंडों की दुनिया अनोखी है। ये विभिन्न देशों, संस्थाओं, सेनाओं के प्रतीक हैं। काले-सफ़ेद चैकवाले झंडे कार-दौड़ समाप्ति; ओलंपिक खेलों के झंडे पर बने छल्ले पाँच महाद्वीपों की एकता; यू.एन.ओ., रेडक्रॉड, स्काउट्स के झंडे इनके उद्देश्यों के बारे में बताते हैं। अलग-अलग रंग के झंडों के अर्थ भी अलग होते हैं; जैसे— सफ़ेद झंडा— संधि या समर्पण; लाल झंडा— खतरा; हरा झंडा— सब ठीक-ठाक और सुरक्षित; पीला झंडा— गंदगी और महामारी; काला झंडा— शोक, मृत्यु या विरोध का संकेत देता है। किसी राष्ट्र के विशेष व्यक्ति के निधन पर वह राष्ट्र अपना राष्ट्रीय ध्वज झुकाकर श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इसी प्रकार राष्ट्रीय ध्वज उस देश के सांस्कृतिक मूल्यों, इतिहास और दर्शन को बताता है।

**बोध**

- केशिवा की आँखों में अपने देश के झंडे के प्रति क्या झलक रहा था?

उ. केशिवा की आँखों में अपने देश के झंडे के प्रति सम्मान झलक रहा था।

- ओलंपिक खेलों के झंडे पर बने पाँच छल्ले किसके प्रतीक हैं?

उ. ओलंपिक खेलों के झंडे पर बने पाँच छल्ले पाँच महाद्वीपों के प्रतीक हैं।

- चीन में सफ़ेद रंग का क्या अर्थ है?

उ. चीन में सफ़ेद रंग को शोक का प्रतीक माना जाता है।

# अभ्यास

1. **पढ़िए—** दिए गए शब्द बच्चों से पढ़वाएँ।
2. **बताइए**

**क.** स्वतंत्रता दिवस कब और क्यों मनाया जाता है?

**उ.** स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को मनाया जाता है क्योंकि 15 अगस्त 1947 को हमारा देश आज़ाद हुआ था।

**ख.** केशिवा कंप्यूटर पर क्या खोज रही थी?

**उ.** केशिवा कंप्यूटर पर झंडे की जानकारी खोज रही थी। वह जानना चाहती थी कि झंडा क्या होता है और यह क्यों बनाया जाता है।

**ग.** हमारे राष्ट्रीय ध्वज का क्या नाम है?

**उ.** हमारे राष्ट्रीय ध्वज का नाम तिरंगा है।

**घ.** हमारे राष्ट्रीय त्योहार कौन-कौन से हैं?

**उ.** हमारे राष्ट्रीय त्योहार हैं— स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और गांधी जयंती।



Scanned with OKEN Scanner

ङ. 'हर झंडा कुछ कहता है' पाठ का नाम यदि आप बदलना चाहें तो क्या नाम रखेंगे?

उ. सबके झंडे अपने-अपने, हर झंडे की अपनी पहचान।

**3. सोचिए/मूल्यपरक प्रश्न**

✧ राष्ट्रीय झंडा फहराते समय आप क्या करते हैं और क्यों?

उ. राष्ट्रीय झंडा फहराते समय हम सावधान की मुद्रा में खड़े होते हैं। ऐसा हम अपने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के लिए करते हैं।

**लिखिए**

**1. कुछ शब्दों में उत्तर दीजिए—**

क. अब झंडे किस पर बनाए जाते हैं?

उ. अब झंडे कपड़े पर बनाए जाते हैं।

ख. सफ़ेद चैकवाला झंडा क्या बतलाता है?

उ. काले और सफ़ेद चैकवाला झंडा बतलाता है कि कार दौड़ समाप्त हो गई है।

ग. विशेष व्यक्ति को श्रद्धांजलि कैसे दी जाती है?

उ विशेष व्यक्ति को श्रद्धांजलि राष्ट्रीय ध्वज को झुकाकर दी जाती है।

**2. कुछ वाक्यों में उत्तर दीजिए—**

क. ~~झंडा किसका प्रतीक है~~?

उ. ~~झंडा किसी भी देश के सम्मान का प्रतीक है~~।

ख. पुराने ज़माने में झंडे किससे बनाए जाते थे और क्यों?

उ. पुराने ज़माने में झंडे वृक्षों की छाल और जीव-जंतुओं की खाल आदि से बनाए जाते थे ताकि इन्हें आसानी से लाया-ले जाया जा सके।

ग. जहाज़ संकट में है— यह कैसे पता चलता है?

केशिवा ने घर आकर क्या किया? केशिवा घर आकर हाथ-मुँह धोकर नास्ता लेकर कुरसी पर बैठकर कंप्युटर पर झंडे के बारे में जानकारी खोजने लगी।

उ. जब किसी जहाज़ पर बैंगनी झंडे पर काला गोला दिखाया जाए तो इसका मतलब होता है जहाज़ संकट में है।

घ. राष्ट्रीय ध्वज क्या बताता है?

उ. किसी भी देश का राष्ट्रीय ध्वज उस देश के सांस्कृतिक मूल्यों, इतिहास और दर्शन को बताता है।

**3. ये झंडे क्या बतलाते हैं? लिखिए—**

 — सफ़ेद रंग के झंडे का अर्थ संधि या समर्पण है जबकि चीन में शोक का प्रतीक माना जाता है।

 — लाल रंग का झंडा खतरे का प्रतीक है।

 — पीले रंग का झंडा गंदगी और महामारी का प्रतीक है।

 — काले रंग का झंडा शोक, मृत्यु और विरोध का प्रतीक है।



Scanned with OKEN Scanner